Re : Operation of Train (No. 20503/04) via Gorakhpur-laid

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) **:** मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि रेलगाड़ी संख्या 20503/04 जो नई दिल्ली से वाया बलिया डिब्रूगढ़ तक प्रतिदिन जाती है उसे 4 दिन वाया गोरखपुर चलाया जाय ताकि गोरखपुर के यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस की सुविधा मिल सके । गोरखपुर पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है जिसपर आस पास के बीस जनपद अपनी विभिन्न ज़रूरतों के लिये निर्भर हैं जिसमें रेल यातायात भी अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस रेलगाड़ी के गोरखपुर से होकर जाने से वहाँ के लाखों लोगों को दिल्ली जाने के लिए तेज गति से चलने वाली रेलगाड़ी की सुविधा मिलेगी ।